an>

Title: Need for early appointment of doctors and para-medical staff in the AIIMS, Jodhpur, Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : महोदया, मैं आपका ध्यान सुदूर पश्चिम में रेगिस्तान की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में तत्कालीन चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री ने जोधपुर ही नहीं पूरे पश्चिमी राजस्थान को स्वतंत्रता के बाद की सबसे बड़ी सौगात के रूप में एम्स को दिया था। किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण है कि 10 साल बीत जाने के बाद आज भी इसका कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। पूरे पश्चिमी राजस्थान की चिकित्सा सुविधा की आशा की इस किरण के अंदर कर्मचारियों एवं चिकित्सकों की नियुक्तियां नहीं होने के कारण सैंकड़ों किलोमीटर से चलकर आने वाले अस्वस्थ लोगों को निराश हो कर भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा निराश हो कर चिकित्सा के लिए दिल्ली, अहमदाबाद या मुम्बई जाना पड़ता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि एम्स जोधपुर में चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की नियुक्तियाँ कर अस्वस्थ लोगों को होने वाली इस भारी असुविधा को दूर करने की कृपा करें।